Adda247
GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
# CEN 01/2024 - ALP / सहायक लोको पायलट

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 26/11/2024 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:00 AM |
| Subject | ALP Stage 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB ALP**

**Q.1** **भारतीय महिला टीम ने निम्नलिखित में से किस टीम को हराकर शतरंज ओलंपियाड 2024 का खिताब जीता?**

Ans
✗ 1. फ्रांस
✓ 2. अज़रबैजान
✗ 3. ताइवान
✗ 4. स्पेन

**Q.2** यदि एक सम बहुभुज में 20 विकर्ण हैं, तो इस बहुभुज की भुजाओं की संख्या कितनी है?

Ans
✗ 1. 5
✓ 2. 8
✗ 3. 6
✗ 4. 10

**Q.3** रोहित, बिंदु A से चलना आरंभ करता है और पूर्व की ओर 25 km चलता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है, 17 km चलता है, दाईं ओर मुड़ता है और 14 km चलता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और 11 km चलता है। अंतिम बार वह बाईं ओर मुड़ता है, 11 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी तक (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किए जाएं, सभी मोड़ 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 8km उत्तर की ओर
✓ 2. 6km उत्तर की ओर
✗ 3. 4km उत्तर की ओर
✗ 4. 6km दक्षिण की ओर

**Q.4** दिए गए प्रेक्षणों, 39, 49, 59, 60, 70, 80, 90, 93 और 90 का समान्तर माध्य क्या है?

Ans
✗ 1. 78
✗ 2. 79
✗ 3. 76
✓ 4. 70

Adda247

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**40,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**500+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

DOWNLOAD NOW

**Q.5** श्रेणी क्रम में जुड़े प्रत्येक R ओम प्रतिरोध के दो प्रतिरोधकों का तुल्य प्रतिरोध ______ है।

**Ans**
✔ 1. 2R ओम
✗ 2. 3R ओम
✗ 3. 2/R ओम
✗ 4. R/2 ओम

**Q.6** खेलो इंडिया पैरा गेम्स (2023) ____________ में आयोजित किए गए थे।

**Ans**
✗ 1. अहमदाबाद
✗ 2. दिसपुर
✔ 3. नई दिल्ली
✗ 4. पटना

**Q.7** निम्नलिखित में से किस प्रकार की अभिक्रिया में अभिकारकों के बीच आयनों का आदान-प्रदान होता है?

**Ans**
✗ 1. योगज अभिक्रिया (addition reaction)
✗ 2. असमानुपातन अभिक्रिया (disproportion reaction)
✗ 3. अपघटन (decomposition)
✔ 4. द्विविस्थापन अभिक्रिया (double displacement reaction)

**Q.8** दो अंकों की संख्या और अंकों को उलटने पर प्राप्त संख्या का योग 99 है। यदि संख्या के अंकों में 5 का अंतर है, तो दो अंकों की संख्या कौन-सी है?

**Ans**
✔ 1. 27
✗ 2. 83
✗ 3. 18
✗ 4. 16

**Q.9** दुबई में संयुक्त राष्ट्र के 'विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन (COP28)' में निम्नलिखित में से किसने भाग लिया?

**Ans**
✔ 1. नरेंद्र मोदी
✗ 2. राम नाथ कोविंद
✗ 3. द्रौपदी मुर्मू
✗ 4. जगदीप धनखड़

**Q.10** A, B, E, F, L, M और P एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। F, E के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। A, B के दाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। M, L के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। A, M के ठीक दाईं ओर बैठा है। P, M का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
✗ 1. A
✗ 2. M
✗ 3. B
✔ 4. P

Q.11 कौन-सी परिघटना पृथ्वी के वायुमंडल में प्रकाश की किरण के मुड़ने का कारण बनती है?

Ans
1. वायुमंडलीय प्रकीर्णन ✗
2. वायुमंडलीय विक्षेपण ✗
3. वायुमंडलीय अपवर्तन ✓
4. वायुमंडलीय परावर्तन ✗

Q.12 स्थिर अनुपात के नियम के अनुसार, 18 g पानी के अपघटन के बाद प्राप्त ऑक्सीजन और हाइड्रोजन (O : H) का सही अनुपात क्या होगा?

Ans
1. 4 : 14 ✗
2. 14 : 4 ✗
3. 16 : 2 ✓
4. 2 : 16 ✗

Q.13 जग्गू एक लकड़ी की कुर्सी 3 दिन में बना सकता है और रब्बू उसी कुर्सी को 4 दिन में बना सकता है। यदि वे साथ मिलकर काम करते हैं, तो वे उसी तरह की 14 कुर्सियाँ कितने दिनों में बना लेंगे?

Ans
1. 18 दिन ✗
2. 24 दिन ✓
3. 16 दिन ✗
4. 20 दिन ✗

Q.14 निम्नलिखित में से किस यौगिक को तैयार करने के लिए क्लोर-क्षार (chlor-alkali) प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है?

Ans
1. $Na_2CO_3$ ✗
2. NaCl ✗
3. $NaOH + Cl_2$ ✓
4. $NaHCO_3$ ✗

Adda247

Q.15 दिए गए समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदला जाना चाहिए?

$186 - 82 + (129 \div 3) - 6 \times 8 + (31 - 19) \times 2 = 85$

(ध्यान दें: संपूर्ण संख्या को आपस में बदला जाना चाहिए, न कि दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों को।)

Ans
1. 2 और 6 ✗
2. 82 और 31 ✗
3. 8 और 19 ✗
4. 186 और 129 ✓

Q.16 सृजन-गुरु केलुचरण महापात्र ओडिसी नृत्यबास द्वारा गुरु केलुचरण महापात्र पुरस्कार 2024 का आयोजन किस माह में किया गया था?

Ans
✗ 1. अक्टूबर
✗ 2. जुलाई
✓ 3. सितंबर
✗ 4. अगस्त

Q.17 _____ को वर्ष 2023 के लिए अमेरिकी सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी चैंपियन (International Anti-Corruption Champion) के रूप में सम्मानित किया गया है।

Ans
✗ 1. मेधा पाटकर
✗ 2. अन्ना हजारे
✗ 3. अरुणा रॉय
✓ 4. निखिल डे

Q.18 5 cm ऊंचाई वाली किसी वस्तु के लिए उत्तल दर्पण द्वारा उत्पन्न आवर्धन 0.2 है। यहां, प्रतिबिम्ब की ऊंचाई _____ है।

Ans
✗ 1. 0.4 cm
✓ 2. 1 cm
✗ 3. 10 cm
✗ 4. 1.5 cm

Q.19 किसी पिंड पर लगने वाले 5 न्यूटन के नियत बल द्वारा किया गया कार्य 5 जूल है। लगाए गए बल की दिशा में पिंड का विस्थापन _____ है।

Ans
✗ 1. 100 m
✗ 2. 1000 m
✓ 3. 1 m
✗ 4. 10 m

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सी अधातु एक द्रव है?

Ans
✓ 1. ब्रोमीन
✗ 2. सल्फर
✗ 3. क्लोरीन
✗ 4. फ्लोरीन

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

**कथन:**

I) विद्युत चुम्बक एक उपकरण है जिसका उपयोग चुंबकीय क्षेत्र को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने के लिए किया जाता है।

II) विद्युत चुम्बक एक उपकरण है जिसका उपयोग यांत्रिक ऊर्जा को चुंबकीय ऊर्जा में परिवर्तित करने के लिए किया जाता है।

Ans
✗ 1. कथन I और II दोनों सही हैं
✗ 2. कथन II सही है
✓ 3. न तो कथन I और न ही II सही है
✗ 4. कथन I सही है

Adda247

Q.22 निम्नलिखित में से क्या वाष्पीकरण की दर में वृद्धि नहीं करता है?

Ans
✔ 1. तापमान में कमी
✘ 2. पृष्ठ क्षेत्र में वृद्धि
✘ 3. पवन की चाल में वृद्धि
✘ 4. आर्द्रता में कमी

Q.23 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y के स्थान पर कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए ताकि :: के बाईं ओर दो संख्याओं द्वारा जिस पैटर्न का अनुसरण किया जाता है, उसी पैटर्न का अनुसरण :: के दाईं ओर किया जाता हो?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदा. 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 68.4 :: 22 : Y

Ans
✘ 1. X = 20, Y = 74.8
✘ 2. X = 16, Y = 70.4
✔ 3. X = 18, Y = 83.6
✘ 4. X = 14, Y = 68.8

Q.24 दिए गए व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।

13 – 12 ÷ 4 × 2

Ans
✘ 1. 8
✘ 2. 9
✔ 3. 7
✘ 4. 6

Q.25 ACE, BDF से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। उसी प्रकार, GIK, HJL से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MOQ निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?

Ans
✘ 1. NOP
✘ 2. NPS
✘ 3. OPQ
✔ 4. NPR

Q.26 निम्नलिखित में से किस जीव में विखंडन द्वारा अलैंगिक प्रजनन **नहीं** होता है?

Ans
✘ 1. लेस्मानिया
✘ 2. प्लैज्मोडियम
✔ 3. केंचुआ
✘ 4. अमीबा

Adda247

Q.27 दिए गए विकल्पों में से उस त्रय का चयन कीजिए जो उसी पैटर्न का अनुसरण करता है, जिस पैटर्न का अनुसरण नीचे दिए गए दो त्रयों द्वारा किया जाता है। दोनों त्रय समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

JG-NK-RT

EB-IF-MO

Ans
✗ 1. IF-MJ-QR
✗ 2. FC-JG-NO
✗ 3. GD-KI-OQ
✓ 4. HE-LI-PR

Q.28 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प निलंबन के गुणधर्म को नहीं दर्शाता है?

Ans
✗ 1. निलंबन के कण इससे गुजरने वाली प्रकाश की किरण को फैला देते हैं।
✓ 2. निलंबन के कणों को आंखों से नहीं देखा जा सकता है।
✗ 3. निलंबन प्रकृति में अस्थायी होता है।
✗ 4. निलंबन एक विषमांगी मिश्रण है।

Q.29 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उन दो क्रमिक छूटों को निरूपित करता है, जो 84% की एकल छूट के बराबर हैं?

Ans
✗ 1. 10% और 90%
✗ 2. 40% और 60%
✗ 3. 30% और 70%
✓ 4. 20% और 80%

Q.30 10% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर कोई धनराशि कितनी अवधि में दोगुनी हो जाएगी?

Ans
✗ 1. 8 वर्ष
✗ 2. 5 वर्ष
✗ 3. 12 वर्ष
✓ 4. 10 वर्ष

Q.31 **मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, मॉर्गन स्टेनली के शोध में वित्त वर्ष 25 में भारत की GDP वृद्धि दर के लिए क्या पूर्वानुमान है?**

Ans
✗ 1. 12.5%
✗ 2. 2.4%
✓ 3. 6.8%
✗ 4. 0.9%

Adda247

Q.32 नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको मानना है कि दिए गए कथन सत्य हैं चाहे वे समान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/हैं।

कथन:

कुछ पलंग, मेज हैं।

कोई मेज, कुर्सी नहीं हैं।

निष्कर्ष:

(I) सभी मेज, पलंग हैं।

(II) कुछ कुर्सी, पलंग हैं।

Ans

✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) कथनों के अनुसार है।

✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) कथनों के अनुसार है।

✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों कथनों के अनुसार है।

✓ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) कथनों के अनुसार है।

Q.33 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

HLA, BFU, VZO, PTI,?

Ans

✗ 1. JMC

✗ 2. JNB

✗ 3. JMB

✓ 4. JNC

Q.34 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ 'A, B की मां है',

A – B का अर्थ 'A, B का भाई है',

A × B का अर्थ 'A, B की पत्नी है',

A ÷ B का अर्थ 'A, B का पिता है',

और A # B का अर्थ है कि 'A, B की बेटी है'।

यदि 'P × Q ÷ T + Z – S # K' है, तो K का Q से क्या संबंध है?

Ans

✗ 1. पति की मां

✗ 2. पत्नी के पिता

✓ 3. बेटी का पति

✗ 4. पत्नी का भाई

Adda247

Q.35 24, 42 और 56 का LCM ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 816
2. 186
3. 618
4. 168 ✔

Q.36 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

549 525 477 405 309 ?

Ans
1. 189 ✔
2. 139
3. 145
4. 167

Q.37 निम्नलिखित में से किसमें कोई भी झिल्ली नहीं होती है?

Ans
1. पादप कोशिका
2. विषाणु ✔
3. कवक कोशिका
4. जंतु कोशिका

Q.38 तंत्रिकोशिका (neuron) का कौन-सा भाग सूचनाएं प्राप्त करने के लिए उत्तरदायी होता है?

Ans
1. तंत्रिकाक्ष (Axon)
2. कोशिका काय (Cell body)
3. द्रुमाकृतिक अग्र भाग (Dendritic tip) ✔
4. अंतर्ग्रंथन (Synapse)

Q.39 यदि शब्द MARKETING के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षर-समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर बाईं ओर से चौथे स्थान पर होगा?

Ans
1. J ✔
2. Q
3. F
4. S

Adda247

**Q.40** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं, और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ 1. VS-PU
- ✗ 2. RO-LQ
- ✗ 3. TQ-NS
- ✓ 4. YV-SW

**Q.41** कार्बन की संयोजकता क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. तीन
- ✓ 2. चार
- ✗ 3. दो
- ✗ 4. छः

**Q.42** एक निश्चित कूट भाषा में, 'climb the mountains' को 'js bg md' लिखा जाता है और 'climb the tree' को 'bg cx js' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'tree' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans**
- ✗ 1. md
- ✓ 2. cx
- ✗ 3. js
- ✗ 4. bg

**Q.43** अपनी कुल आय में से, संजय 20% घर के किराए पर और शेष का 70% घरेलू खर्च पर व्यय करता है। यदि वह ₹1,800 बचाता है, तो उसकी कुल आय कितनी है?

**Ans**
- ✗ 1. ₹9,000
- ✓ 2. ₹7,500
- ✗ 3. ₹10,000
- ✗ 4. ₹8,000

**Q.44** स्थिर जल में 3 km/h की चाल से नाव चला रहे एक नाविक को धारा के प्रतिकूल 50 km जाने में, धारा के अनुकूल 50 km जाने की तुलना में दोगुना समय लगता है। धारा के प्रतिकूल नाविक की चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 2 km/h
- ✗ 2. $\frac{4}{3}$ km/h
- ✗ 3. $\frac{7}{3}$ km/h
- ✗ 4. 1 km/h

Adda247

Q.45 Other than the nervous system, which other system helps in control and coordination in our body?

Ans
✗ 1. Excretory system
✗ 2. Respiratory system
✗ 3. Digestive system
✓ 4. Endocrine system

Q.46 यदि शब्द HISTORY के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षर-समूह में कितने स्वर होंगे?

Ans
✗ 1. 3
✗ 2. 0
✓ 3. 2
✗ 4. 1

Q.47 **13 सितंबर 2024 को ज़ोरावर लाइट टैंक का सफल ऑटोमोटिव परीक्षण भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान था। इस लाइट टैंक को विकसित करने के लिए कौन-सा संगठन उत्तरदायी है?**

Ans
✓ 1. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)
✗ 2. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)
✗ 3. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)
✗ 4. भारतीय सेना

Q.48 $297 \times 303$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 79991
✗ 2. 90991
✓ 3. 89991
✗ 4. 89091

Q.49 नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। मानना है कि दिए गए कथन सत्य है चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/ कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/ हैं।

कथन:

सभी रस्सियां, जंजीरें हैं।

सभी जंजीरें, तार हैं।

निष्कर्ष:

(I) सभी तार, रस्सियां हैं।

(II) सभी रस्सियां, तार हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) कथनों के अनुसार है
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) कथनों के अनुसार है
✓ 3. केवल निष्कर्ष (II) कथनों के अनुसार है
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों कथनों के अनुसार हैं

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | | |
|---|---|---|
| Q.50 | जब एक खाली बोतल को वायु-रुद्ध (air tight) तरीके से बंद किया जाता है और पानी के अंदर धकेला जाता है, तो छोड़े जाने पर वह वापस उछल जाती है। ऐसा _______। | |
| Ans | ✗ 1. बोतल पर लगने वाला गुरुत्वाकर्षण बल पानी के उत्प्लावन बल से अधिक होता है<br>✗ 2. पानी खाली बोतल पर बल नहीं लगाता है<br>✗ 3. बोतल पर लगने वाला गुरुत्वाकर्षण बल पानी के उत्प्लावन बल के बराबर होता है<br>✓ 4. बोतल पर पानी का उत्प्लावन बल बोतल पर लगने वाले गुरुत्वाकर्षण बल से अधिक होता है | |

| | |
|---|---|
| Q.51 | 1 से 70 तक (दोनों संख्याओं को शामिल करते हुए) की कितनी प्रतिशत संख्याओं का इकाई अंक 1 या 7 है? |
| Ans | ✓ 1. 20<br>✗ 2. 14<br>✗ 3. 1<br>✗ 4. 21 |

| | |
|---|---|
| Q.52 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'PLOW' को '7164' लिखा जाता है, और 'WOLF' को '1564' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'F' को कैसे लिखा जायेगा? |
| Ans | ✗ 1. 6<br>✗ 2. 7<br>✓ 3. 5<br>✗ 4. 1 |

| | |
|---|---|
| Q.53 | यदि शब्द OPTICAL के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दो बार आएगा? |
| Ans | ✗ 1. O<br>✗ 2. P<br>✗ 3. K<br>✓ 4. B |

| | |
|---|---|
| Q.54 | यदि निम्नलिखित आकड़ों का बहुलक 7 है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।<br><br>2, 4, 6, 7, 5, 6, 10, 6, 7, 2k + 1, 9, 7, 13 |
| Ans | ✗ 1. 6<br>✗ 2. 4<br>✓ 3. 3<br>✗ 4. 2 |

Adda247

**Q.55** यदि + का अर्थ −, − का अर्थ ×, × का अर्थ ÷, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

22 − 5 ÷ 3 + 12 × 3 = ?

**Ans**
- ✗ 1. 110
- ✗ 2. 111
- ✓ 3. 109
- ✗ 4. 112

**Q.56** शैलेश नायक को 2024 में किस क्षेत्र में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

**Ans**
- ✗ 1. मेडिसिन
- ✗ 2. साहित्य एवं शिक्षा
- ✓ 3. विज्ञान एवं इंजीनियरिंग
- ✗ 4. खेल

**Q.57** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y के स्थान पर कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए ताकि :: के बाईं ओर दो संख्याओं द्वारा जिस पैटर्न का अनुसरण किया जाता है, उसी पैटर्न का अनुसरण :: के दाईं ओर किया जाता हो?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदा. 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 112 :: 15 : Y

**Ans**
- ✓ 1. X = 12, Y = 184
- ✗ 2. X = 14, Y = 166
- ✗ 3. X = 10, Y = 148
- ✗ 4. X = 16, Y = 192

Adda247

**Q.58** एक कार 5 घंटे में 275 km की दूरी तय कर सकती है। यदि इसकी चाल में 5 km/hr की कमी कर दी जाए, तो कार को 250 km की दूरी तय करने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✗ 1. 4 घंटे 30 मिनट
- ✓ 2. 5 घंटे
- ✗ 3. 6 घंटे
- ✗ 4. 5 घंटे 30 मिनट

**Q.59** निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक राशि वेग परिवर्तन की दर को दर्शाती है?

**Ans**
- ✗ 1. वेग
- ✓ 2. त्वरण
- ✗ 3. दूरी
- ✗ 4. चाल

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.60 उत्तर की ओर मुख किए हुए 48 छात्रों की एक पंक्ति में, टीनू बाएं छोर से 15वें स्थान पर है। यदि दिनेश टीनू के दाएं से 9वें स्थान पर है, तो पंक्ति के दाएं छोर से दिनेश का स्थान कौन-सा है?

Ans
✗ 1. 22वां
✗ 2. 23वां
✓ 3. 25वां
✗ 4. 24वां

Q.61 **निम्नलिखित में से क्या पौधों में रक्षित आंतरिक ऊर्जा की तरह कार्य करता है?**

Ans
✗ 1. ग्लूकोज
✗ 2. ग्लाइकोजन
✗ 3. सुक्रोज
✓ 4. स्टार्च

Q.62 A, B को 20% के लाभ पर एक साइकिल बेचता है और B इसे 25% के लाभ पर C को बेचता है। यदि C, ₹1,500 का भुगतान करता है, तो A ने इसके लिए कितना भुगतान किया था?

Ans
✗ 1. ₹825
✗ 2. ₹1,100
✓ 3. ₹1,000
✗ 4. ₹1,125

Q.63 यदि a : b = 3 : 2 और b : c = 3 : 2 है, तो a : b : c = ?

Ans
✗ 1. 9 : 4 : 6
✗ 2. 6 : 4 : 3
✓ 3. 9 : 6 : 4
✗ 4. 6 : 3 : 4

Q.64 इस प्रश्न में, एक कथन के बाद I और II क्रमांकित दो कार्रवाइयां दी गई हैं। आपको कथन में दी गई सभी जानकारियों को सत्य मानना होगा और कथन में दी गई जानकारी के आधार पर निश्चय करना होगा, कि तार्किक रूप से किस/किन कार्रवाई/कार्रवाइयों का अनुसरण किया जाना चाहिए।

कथन:

अगले 3 दिनों के लिए ग्रांट रोड में पानी की पाइपलाइन कार्य योजना के कारण, सड़क अगली सूचना तक यातायात के लिए बंद रहेगी।

कार्रवाई:

(I) ट्रैफिक पुलिस को ट्रैफिक डायवर्जन को प्रभावी ढंग से समन्वयित करने के लिए ग्रांट रोड पर मौजूद कर्मियों की संख्या में वृद्धि करनी चाहिए।

(II) ट्रैफिक पुलिस को प्रमुख समाचार पत्रों में ट्रैफिक डायवर्जन और वैकल्पिक मार्गों के बारे में एक अधिसूचना जारी करनी चाहिए, जिसे ग्रांट रोड बंद रहने तक आम जनता उपयोग में ले सकती है।

Ans
✗ 1. न तो I और न ही II अनुसरण करता है
✗ 2. केवल II अनुसरण करता है
✗ 3. केवल I अनुसरण करता है
✓ 4. I और II दोनों अनुसरण करते हैं

**Q.65** सात व्यक्ति, B, C, D, E, F, G और K एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। B के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B और K के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F, B के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G, E के दाईं ओर से किसी स्थान पर लेकिन D के बाईं ओर से किसी स्थान पर बैठा है। G के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
✗ 1. एक
✓ 2. तीन
✗ 3. चार
✗ 4. दो

**Q.66** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

CFI, LOR, UXA, DGJ, ?

**Ans**
✗ 1. MOQ
✗ 2. LNP
✓ 3. MPS
✗ 4. LOR

**Q.67** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
✗ 1. EN-YH
✗ 2. TC-NW
✗ 3. BK-VE
✓ 4. ZI-UD

**Q.68** एक पेड़ टूटकर ज़मीन पर इस प्रकार गिरता है कि उसका ऊपरी हिस्सा अभी भी उसके तने से आंशिक रूप से जुड़ा हुआ है। यदि पेड़ की मूल ऊंचाई 24 m थी और यह जमीन से 30° का कोण बनाता है, तो यह किस ऊंचाई पर टूटा?

**Ans**
✗ 1. 10 m
✗ 2. 9 m
✓ 3. 8 m
✗ 4. 12 m


**Q.69** 12 cm त्रिज्या वाले एक ठोस धातु के गोले को पिघलाकर 2 cm त्रिज्या वाले छोटे गोलों के रूप में ढाला जाता है। ऐसे कितने छोटे गोले बनाए जा सकते हैं?

**Ans**
✗ 1. 48
✗ 2. 96
✓ 3. 216
✗ 4. 864

Adda247

**Q.70** दिए गए आलेख का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।

निम्न आलेख में सप्ताह के 6 दिनों के लिए एक कारखाने में टीवी सेट के दैनिक उत्पादन को दर्शाया गया है।




सोमवार और मंगलवार को मिलाकर टीवी सेट की कितनी इकाइयों का उत्पादन किया गया?

**Ans**
1. 600 ✗
2. 700 ✗
3. 400 ✗
4. 500 ✓

**Q.71** दूरसंचार (डिजिटल भारत निधि का प्रशासन) नियमावली, 2024' का मसौदा सार्वजनिक परामर्श के लिए किस दिनांक को प्रकाशित किया गया?

**Ans**
1. 4 जुलाई 2024 ✓
2. 5 सितंबर 2024 ✗
3. 30 जून 2024 ✗
4. 1 अगस्त 2024 ✗

**Q.72** किस भारतीय गायिका को 2024 में पहली बार भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

**Ans**
1. उषा उत्थुप ✓
2. आशा भोसले ✗
3. लता मंगेशकर ✗
4. अलका याज्ञनिक ✗

**Q.73** उस बेलन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसके आधार की त्रिज्या 7 cm और ऊंचाई 12 cm है।

**Ans**
1. $208\pi\ cm^2$ ✗
2. $266\pi\ cm^2$ ✓
3. $280\pi\ cm^2$ ✗
4. $303\pi\ cm^2$ ✗

**Q.74** $0.002 \times 0.5$ का सरलीकृत मान क्या है?

**Ans**
1. 0.01 ✗
2. 0.1 ✗
3. 0.0001 ✗
4. 0.001 ✓

Adda247

**Q.75** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से जीव एककोशिकीय **नहीं** है/हैं?

**Ans**

✗ 1. पैरामीशियम

✗ 2. अमीबा

✓ 3. पौधे

✗ 4. क्लेमाइडोमोनास

2024/12/02-20:10:06

Adda247